Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of Railway Over Bridge (R.O.B) in Madhubani town in Bihar.

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मधुबनी की गम्भीर समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ । बिहार के मधुबनी जिले में दो लोक सभा क्षेत्र हैं- मधुबनी तथा झंझारपुर । मधुबनी जिले की जनसंख्या लगभग 50 लाख से अधिक है । मधुबनी शहर में रेलवे के कई समपार होने के कारण पूरा शहर दिन भर अस्त-व्यस्त रहता है । मधुबनी शहर जिले का मुख्यालय भी है और अस्त-व्यस्त रहने के कारण मरीज सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं, विद्यार्थी सही समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं । सारा दिन अस्त-व्यस्त रहता है । वहाँ आम जन और व्यापारियों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि समपार संख्या 11, 13 एवं 38 पर आरओबी का निर्माण कराया जाए । धन्यवाद ।